आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज शिमला में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दो दिवसीय बैठक का शुभारम्भ किया। इसमें देश भर से क्षयरोग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूसरी बार इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने "मेरी टीबी की कहानी चरण–2" पहल का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे चरण का शुभारम्भ करने वाला हिमाचल देश का दूसरा राज्य है। इस पहल का उद्देश्य टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और इस बीमारी के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 15 हजार क्षयरोग रोगियों का उपचार किया जा रहा है और इस बीमारी से निपटने में किए गए प्रदेश के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नवाचार और नवोन्वेश की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में आज उनसे मिलने आए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि शिक्षकों से विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, तार्किक शक्ति का विकास और राष्ट्रीय चिंतन की भावना आती है। रोहित ठाकुर ने कहा कि मौजूदा दौर में अध्यापकों को परिवर्तन के साथ नयापन लाना होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने शिक्षा मंत्री से स्कूलों में अध्यापकों के खाली पद भरने, प्री–प्राईमरी की एनटीटी भर्ती, पदोन्नति व वेतन विसंगतियां दूर करने और महंगाई भत्ता व एरियर का भुगतान करने की मांग की।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार औषधीय पौधों को रोपित कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने आज शिमला जिले के सुन्नी में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत आयोजित

पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया और अश्वगंधा का पौधा रोपित किया। विक्रमादित्य सिंह ने इस मौके पर लोगों को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अश्वगंधा, हरड़, बेहड़ा और आंवला सहित अन्य औषधीय पौधे रोपित किए जाएंगे। इस पौधरोपण कार्यक्रम में लगभग 2 हजार औषधीय पौधे रोपित किए गए। विक्रमादित्य सिंह ने लोगों से इन पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने का आहवान किया।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्षमहाजन ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल के विकास के लिए कोई कमी नहीं रखी है और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से प्रदेश को लगभग 9 हजार करोड़ रूपए की राशि मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्री केन्द्रीय मदद को लेकर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने हिमाचल को बड़ी सौगात दी है और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इस वित्त वर्ष में हिमाचल को 92 हजार 3 सौ 64 घर मंजूर किए गए हैं।

पत्रकार वार्ता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा और शिवसेना के नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी की आलोचना की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है और विपक्षी दलों को उनके खिलाफ तथ्यहीन बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्‌डा को अपनी पार्टी के नेताओं को मर्यादा में रहकर बयानबाजी करने के निर्देश देने की सलाह दी है।

मॉकड्रिल

शिमला के जाखू रोपवे में आज जिला आपदा प्रबंधन योजना के तहत एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से जमीन से सौ मीटर की उंचाई पर फंसे लोगों को कुर्सी व रस्सी के माध्यम से नीचे उतारा गया। ये मॉकड्रिल लगभग डेढ़ घंटे तक चली और इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवानों के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने बताया कि आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ये मॉकड्रिल करवाई गई।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी रहा। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई स्थानों पर ताजा वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला सोलन और सिरमौर जिले में कहीं–कहीं पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने के अंत तक प्रदेश से मॉनसून के विदा होने की संभावना है।

————————————